CLASS: X | PREBOARD I | निर्धारित समय - 3 Hrs

SUBJECT: II Language (Hindi) | 2024 - 25 | अधिकतम अंक - 80

---

<u>सामान्य निर्देश: निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढिए और उनका पालन कीजिए:</u>

* खंड ' क ' 'ख' में कुल ५ प्रश्न पूछे गए हैं। सभी प्रश्नों के उपप्रश्न दिए गए हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

* खंड 'ग' 'घ' में कुल १० वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

---

## खंड - क

### प्रश्न १. निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:

अ) विद्वान लोग नम्रता को स्वतंत्रता की जननी मानते हैं। आत्मसंस्कार हेतु स्वतंत्रता आवश्यक है। मर्यादापूर्वक जीवन व्यतीत करने के लिए आत्मनिर्भरता आवश्यक है। आत्ममर्यादा हेतु आवश्यक है कि हम बडों से सम्मानपूर्वक तथा छोटों और बराबर वालों के साथ कोमलता का व्यवहार करें। युवाओं को याद रखना चाहिए कि उनका ज्ञान कम है। वे अपने लक्ष से पीछे हैं तथा उनकी आकांक्षाएँ उनकी योग्यता से अधिक हैं। सभी लोग युवाओं से कुशल आचरण और विनम्रता की  उम्मीद करते हैं। नम्रता का अर्थ दूसरों का मुँह  ताकना नहीं है। इससे तो प्रज्ञा मंद पड जाती है, संकल्प क्षीण होता है, विकास रुक जाता है तथा निर्णय क्षमता नही आती। मनुष्य को अपना भाग्यविधाता स्वयं होना चाहिए। हमेशा याद रखो, अपने फैसले तुम्हें स्वयं ही करने होंगे। विश्वासपात्र मित्र भी तुम्हारी जिम्मेदारी नहीं ले सकता। हमें अनुभवी लोगों के अनुभवों से लाभ उठाना चाहिए, लेकिन हमारे निर्णयों तथा विचारों से ही हमारी रक्षा व पतन होगा। हमें नजरें तो नीचे रखनी है, लेकिन सामने का रास्ता भी देखना है। हमारा व्यवहार कोमल तथा लक्ष्य उच्च होना चाहिए। हमारी प्रवृत्ति ऎसी होनी चाहिए कि संक्रमणकाल में भी हम स्वयं को साधारण रख पाएँ। वही मनुष्य कर्मक्षेत्र में श्रेष्ठ और उत्तम रहते है, जिनमें बुद्धी, चतुराई तथा दृढ निश्चय होता है।

१. प्रस्तुत गद्यांश में मूलत: स्वतंत्रता की जननी किसे माना गया है? ३*१=३

क. आत्मनिर्भरता  ख. मर्यादा को  ग. नम्रता को  ख. आकांक्षा को

२. गद्यांश हमें संदेश देता है-

क. हमें अपने आचरण को विशिष्ट बनाने की आवश्यकता है  ख. मनुष्य को आत्मनिर्भर बनना चाहिए।

ग. मनुष्य ही कर्मक्षेत्र में श्रेष्ठ और उत्तम होता है।  घ. स्वतंत्रता और नम्रता एक-दूसरे के पूरक है।

३. कथन (अ) विनम्रता के बिना स्वतंत्रता का कोई अर्थ नहीं होता।

कारण (आर) मनुष्य में स्वतंत्रता का भाव आते ही अहंकार आ जाता है।

कूट

क. कथन (अ) और कारण (आर) दोनों गलत है।

ख. कथन (अ) गलत है, किंतु कारण (आर) सही है।

ग. कथन (अ) और कारण (आर) दोनों सही है, लेकिन कारण (आर), कथन (अ) की गलत व्याख्या करता है।

घ. कथन (अ) और कारण (आर) दोनों सही हैं तथा कारण (आर), कथन (अ) की सही व्याख्या करता है।

४. 'अपना भाग्य विधाता होना से क्या तात्पर्य है? २*२=४

५. मनुष्य को अपना भाग्य विधाता स्वयं क्यों होना चाहिए?

आ) प्रत्येक राष्ट्र के लिए एक राष्ट्रध्वज, राष्ट्रगान, राष्ट्रप्रतीक और राष्ट्रभाषा आवश्यक है। इन्ही के माध्यम से कोई राष्ट्र विश्व के अन्य राष्ट्रों के मध्य अपनी विशिष्ट पहचान बनाता है। राष्ट्रभाषा पूरे राष्ट्र को एकता के सूत्र में पिरोने का कार्य करती है। इसी के माध्यम से जनता अपने कष्टों को शासन तक पहुँचाती है और शासन भी अपनी जनकल्याणकारी योजनाओं को जनसामान्य तक पहुँचाता है। इस प्रकार राष्ट्रभाषा शासन और जनता के बीच सेतु का कार्य करती है।

किसी राष्ट्र में अनेक भाषाएँ बोली व समझी जाती है। उनमें सर्वाधिक लोगों द्वारा व्यवहार में लाई जाने वाली भाषा को ही राष्ट्रभाषा बनाया जाता है। इसी आधार पर हिन्दी को राष्ट्रभाषा के रुप में मान्यता दी गई। देश के स्वतंत्र होने पर जब राष्ट्रभाषा का प्रश्न उपस्थित हुआ, तो अंग्रेजी जानने वालों ने जी-जान से प्रयास किया कि अंग्रेजों के समय से चली आ रही अंग्रेजी को भारत की राष्ट्रभाषा के रुप में कायम रखा जाए, किंतु संविधान निर्माताओं ने सर्वसम्मति से हिंदी को राजभाषा घोषित किया। इनमें संघ का यह कर्तव्य रहा कि वह हिंदी भाषा का प्रसार बढाए, उसका विकास करें, जिससे वह भारत की संस्कृति के सभी तत्वों की अभिव्यक्ति का माध्यम बन सके और उसकी प्रकृति में हस्तक्षेप किए बिना आठवी अनुसूची में विनिर्दिष्ट भारत की अन्य भाषाओं में प्रयुक्त रूप, शैली और पदों को आत्मसात कर अन्य भाषाओं के शब्द ग्रहण करते हुए उसकी समृद्धि सुनिश्चित करे।

१. निम्नलिखित में से कौनसा शब्द गद्यांश में दिए गए 'आत्मसात' शब्द के सही अर्थ को दर्शाता है?

क. व्यतिक्रम ख. आत्मीकरण ग. अंतरित घ. आमोदित ३*१=३

२. कथन - राष्ट्रभाषा राष्ट्र को सांस्कृतिक एकता प्रदान करती है।

निष्कर्ष - हिंदी भाषा अन्य भारतीय भाषाओं के शब्दों को आत्मसात नही कर पाती है।

क. कथन सही है, लेकिन निष्कर्ष गलत है। ख. कथन और निष्कर्ष दोनों सही है।

ग. कथन और निष्कर्ष दोनों गलत है। घ. कथन गलत है, लेकिन निष्कर्ष सही है।

३. संविधान निर्माताओं ने सर्वसम्मति से किसे राजभाषा घोषित किया?

क. अंग्रेजी को ख. हिंदी को ग. क और ख दोनों घ. इनमें से कोई नही

४. गद्यांश के अनुसार, कौनसी भाषा राष्ट्र की पहचान होती है? २*२=४

५. गद्यांश के आधार पर बताइए कि किस भाषा को राष्ट्रभाषा के रूप में मान्यता दी जाती है?

## खंड - 'ख'

## प्रश्न २. निर्देशानुसार पदबंध पर आधारित पाँच में से किन्ही चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए। ४*१=४

१. 'अब यहाँ समंदर के किनारे लंबी-चौडी बस्ती बन गई है।' रेखांकित पदबंध का भेद बताइए।

२. 'लकीर की सीध में धरती फटती ही जा रही थी।' रेखांकित पदबंध का भेद बताइए।

३. ' एक बार बिल्ली ने उचककर दो में से एक अंडा तोड दिया।' वाक्य में क्रियाविशेषण पदबंध को रेखांकित कीजिए।

४. 'वह इसलिए कि आप सारी उम्र रोते रहे।' वाक्य में सर्वनाम पदबंध को छाँटिए।
५. 'खेलकूद का कोई अवसर हाथ से न जाने देता ।' वाक्य में संज्ञा पदबंध कौनसा है?

**प्रश्न ३. निर्देशानुसार वाक्य रूपांतरण पर आधारित पाँच में से किन्ही चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** ४*१=४

१. 'वे जंगल में प्रवेश कर गए और अँधेरा बढने लगा।' प्रस्तुत वाक्य को सरल वाक्य में बदलिए।
२. 'भाई साहब के फेल व मेरे पास होने पर मैं दरजे में प्रथम आया।' प्रस्तुत वाक्य को संयुक्त वाक्य में बदलिए।
३. 'उसे अपनी बहादुरी पर और शक्ति पर भी पूरा भरोसा था।' प्रस्तुत वाक्य को संयुक्य वाक्य में बदलिए।
४. 'बगल के कमरे में जाकर कुछ बर्तन लाकर तौलिए से साफ किए।' इस वाक्य को मिश्र वाक्य में रूपांतरित कीजिए।
५.'ग्वालियर में हमारा एक मकान था और उस मकान के दालान में दो रोशनदान थे।' प्रस्तुत वाक्य को सरल वाक्य में रूपांतरित कीजिए।

**प्रश्न ४. निर्देशानुसार समास पर आधारित पाँच में से किन्ही चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** ४*१=४

१. 'निशाचर' शब्द में कौनसा समास है?
२. 'जलधारा' शब्द का समास-विग्रह और समास बताइए।
३. 'चरणकमल' समस्तपद का विग्रह क्या होगा?
४. 'नौ रत्नों का समूह' समास-विग्रह का समस्तपद क्या होगा?
५.'वीणापाणि' में कौनसा समास प्रयुक्त है?

**प्रश्न ५. निर्देशानुसार मुहावरे पर आधारित पाँच में से किन्ही चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** ४*१=४

१. 'ढोंगी बाबा ने अपने वादों और लुभावनी बातों से कई लोगों को अपने चंगुल में फँसा लिया और अब ईश्वर के नाम पर उनको लूट रहा है।' पंक्ति में से मुहावरा चुनकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।
२. 'सिर ऊँचा करना' मुहावरे का अर्थ बताइए।
३. 'स्वार्थ सिद्ध करना' अर्थ के लिए सही मुहावरा क्या है?
४. उपयुक्त मुहावरे का प्रयोग करके वाक्य को पूरा करें:
* मिशन चन्द्रयान-३ की सफलता ने पूरे विश्व में भारत के नाम का ----------- दिया।
५. जगन्नाथ तो सिद्धांतहीन व्यक्ति है, उसे जिसकी तरफ से पैसे मिलेंगे, वह गवाही देगा। प्रस्तुत वाक्य में रेखांकित वाक्यांश के लिए उपयुक्त मुहावरा क्या होगा?

## खंड - 'ग'

**प्रश्न ६. निम्नलिखित गद्यांश को पढकर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए:** ५*१=५

मैं तुमसे पाँच साल बडा हूँ और हमेशा रहूँगा। मुझे दुनिया का और जिंदगी का जो तजुर्बा है, तुम उसकी बराबरी नहीं कर सकते, चाहे तुम एम. ए. , डी. फिल और डी. लिट ही क्यों न हो जाओ। समझ किताबें पढने से नही आती, दुनिया देखने से आती है। हमारी अम्मा ने कोई दरजा पास नही किया और दादा भी शायद पाँचवी - छठी जमात के आगे नही गए, लेकिन हम दोनों चाहे सारी दुनिया की विद्या पढ

ले, अम्मा और दादा को हमें समझाने और सुधारने का अधिकार हमेशा रहेगा। केवल इसलिए नहीं कि वे हमारे जन्मदाता हैं, बल्कि इसलिए भी कि उन्हें दुनिया का हमसे ज्यादा तजुर्बा है और रहेगा। अमेरिका में किस तरह की राज-व्यवस्था है, आठवे हेनरी ने कितने ब्याह किए और आकाश में कितने नक्षत्र है  ये बातें चाहे उन्हें न मालूम हों लेकिन हजारों ऎसी बातें है, जिनका ज्ञान उन्हें हमसे और तुमसे ज्यादा है।

१. बडे भाई साहब ने छोटे भाई पर रोब जमाने के लिए किस बात की दुहाई दी?

क. अपनी पढाई की   ख. अपने अनुभवों व आयु की

ग. चित्र बनाने की कला की  घ. इनमें से कोई नहीं

२. " मैं तुमसे पाँच साल बडा हूँ और हमेशा रहूँगा। मुझे दुनिया का और जिंदगी का जो तजुरबा है, तुम उसकी बराबरी नहीं कर सकते....." कथन के माध्यम से ज्ञात होता है कि

क. छोटा भाई अपने भाई साहब का आदर करता है।

ख. भाई साहब को जिंदगी का अच्छा अनुभव है।

ग. भाई साहब के भीतर भी एक छोटा बच्चा है।

घ. भाई साहब छोटे भाई का भला चाहते है।

३. बडे भाई के अनुसार, दुनिया की समझ किसके द्वारा आती है?

क. किताबे पढने से   ख. उच्च शिक्षा प्राप्त करने से

ग. अनुभवों से         घ. इनमें से कोई नहीं

४. " हमारी अम्मा ने कोई दरजा पास नहीं किया और दादा भी शायद पाँचवी-छठी जमात के आगे नही गए, लेकिन हम दोनों चाहे सारी दुनिया की विद्या पढ ले, अम्मा और दादा को हमें समझाने और सुधारने का अधिकार हमेशा रहेगा।" यह कथन दर्शाता है, अपने अम्मा-दादा के प्रति भाई साहब का

क. अभिमान  ख. अपनत्व   ग. प्रेम              घ. आदर

५. कथन (अ) किताबी ज्ञान के साथ-साथ जिंदगी के अनुभव भी महवपूर्ण होते है।

कारण (आर) जीवन की समझ ज्ञान के साथ -साथनुभव और व्यावहारिकता  से आती है।

क. कथन (अ) और कारण (आर) दोनों गलत है।

ख. कहन (अ) गलत है , किंतु कारण (आर)सही है।

ग. कथन (अ) और कारण (आर) दोनों सही है, परंतु कारण  (आर) , कथन  (अ) की गलत व्याख्या करता है।

घ. कथन (अ) और कारण (आर) दोनों सही हैं तथा कारण (आर) , कथन (अ) की सही व्याख्या करता है।

**प्रश्न ७. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए:          ३*२=६**

१. जो जितना बडा होता है, उसे उतना ही कम गुस्सा आता है।"'अब कहाँ दूसरे के दु:ख से दु:खी होनेवाले' पाठ के आधार पर इसका आशय बताइए।

२. 'सत्य केवल वर्तमान है, उसी में जीना चाहिए।'  'झेन की देन' पाठ में लेखक ने ऎसा क्यों कहा होगा?

३. 'कारतूस' पाठ में वजीर अली ने अंग्रेजों के अत्याचारों का साहसपूर्वक सामना किया। इस पाठ से हमें क्या सीख मिलती है?

४. वामीरो ने तताँरा को बेरुखी से क्या जवाब दिया?

**प्रश्न ८. निम्नलिखित पद्यांश को पढकर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए:                                  ५*१=५**

चलो अभीष्ट मार्ग में सहर्ष खेलते हुए,

विपत्ति, विघ्न जो पडे, उन्हें ढकेलते हुए।
घटे न हेलमेल हाँ, बढे न भिन्नता कभी,
अतर्क एक पंथ के सतर्क पंथ हो सभी।
तभी समर्थ भाव है कि तारता हुआ तरे,
वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे॥

१. प्रस्तुत पद्यांश में कवि ने क्या प्रेरणा दी है?

क. संघर्षो से मुख मोडने की ख. संघर्षपूर्ण जीवन व्यतीत न करने की

ग. लक्ष्य पथ की ओर आगे बढते रहने की घ. भेदभाव सहन करने की

२. जीवन में विपत्ति या विघ्न आने पर क्या करना चाहिए?

क. ईश्वर का स्मरण करना चाहिए। ख. सहर्ष खेलना चाहिए।

ग. बाधा को दूर करना चाहिए। घ. डटकर मुकाबला करना चाहिए।

३. 'सतर्क पंथ' से कवि का क्या आशय है?

क. सावधानेपूर्वक आगे बढना ख. अच्छा तर्क प्रस्तुत करना

ग. एक साथ तर्क देना घ. बिना तर्क किए रहना

४. 'तभी समर्थ भाव है कि तारता हुआ तरे' से क्या तात्पर्य है?

क. ईश्वर पर विश्वास रखते हुए आगे बढना चाहिए। ख. सोच-समझकर आगे बढना चाहिए।

ग. चिंता मुक्त होकर आगे बढना चाहिए। घ. दूसरों का कल्याण करते हुए आगे बढना चाहिए।

५. कथन (अ) जीवन के मार्ग में आनेवाली विपत्तियों और विघ्नों को सहर्ष स्वीकार किया जाना चाहिए।
कारण (आर) विपत्तियों और विघ्नों को ढकेलते हुए आगे बढना मनुष्य की महानता को दर्शाता है।
कूट :

क. कथन (अ) गलत है, किंतु कारण (आर) सही है।

ख. कथन (अ) और कारण (आर) दोनों गलत हैं।

ग. कथन (अ) और कारण (आर) दोनों सही हैं तथा कारण (आर), कथन (अ) की सही व्याख्या है।

घ. कथन (अ) और कारण (आर) दोनों सही हैं, परंतु कारण (आर), कथन (अ) की सही व्याख्या नही हैं।

**प्रश्न ९. निम्नलिखित में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए: ३*२=६**

१. कवि ने सैनिकों को राम-लक्ष्मण जैसा बनने के लिए क्यों कहा है? 'कर चले हम फिदा' कविता के आधार पर बताइए।

२. 'तोप' कविता के आधार पर तोप की विशेषताओं को उजागर करते हुए इससे मिलने वाली सीख का उल्लेख कीजिए।

३. आपके द्वारा इस पाठ्यक्रम में पढी गई कविता के आधार पर बताइए कि अपनी इच्छाओं की पूर्ति के लिए आप प्रार्थना के अतिरिक्त क्या-क्या प्रयास करते हैं?

४. भगवान को नरहरि का रूप क्यों धारण करना पडा?

**प्रश्न १०. निम्नलिखित में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए: २*३=६**

१. नई श्रेणी में जाने और नई कापियों और पुरानी किताबों से आती विशेष गंध से लेखक का बालमन क्यों उदास हो उठता था? 'सपनों के से दिन' पाठ के आधार पर लिखिए।

२. 'हरिहर काका संयुक्त परिवार के मूल्यों के प्रति एक समर्पित व प्रेरक मानव थे।' हरिहर काका पाठ के

आधार पर लिखिए।

३. 'टोपी शुक्ला' पाठ के माध्यम से लेखक राही मासूम रजा ने पाठकों को क्या संदेश देना चाहा है?

## खंड - 'घ'

प्रश्न ११. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए: १*५=५

राष्ट्र के निर्माण में युवाओं का योगदान

* देश की शक्ति का मुख्य आधार युवा
* युवा तथा राष्ट्र : एक सिक्के के दो पहलू
* सामाजिक कुरीतियों को मिटाने में सक्षम
* उपसंहार

मोबाइल फोन

* मोबाइल फोन एक बडी क्रांति
* मोबाइल फोन से लाभ
* मोबाइल फोन से हानी
* उपसंहार

प्रश्न १२. हिंसा प्रधान फिल्मों के समाज पर पडते दुष्प्रभाव पर अपने विचार प्रकट करते हुए 'अमर उजाला' समाचार पत्र के संपादक को पत्र लिखिए। १*५=५

अथवा

अपने नगर के स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र लिखकर चारों ओर व्याप्त गंदगी और उसके दुष्प्ररिणाम के बारें में बताइए।

.

प्रश्न १३. विद्यालय के कैप्टन की ओर से एक सूचना लिखिए जिसमें विद्यालय के वार्षिक उत्सव में भाग लेने से संबंधित जानकारी सभी विद्यार्थियों को दी गई हो। १*४=४

अथवा

आप पुरानी दिल्ली रेल्वे स्टेशन के स्टेशन अधीक्षक मनोज कुमार हैं। विलंब से ट्रेन चलने की सूचना लिखिए।

प्रश्न १४. उत्तम गुणवत्ता की कापियाँ अथवा नोटबुक्स बनाने वाली कंपनी की ओर से एक आकर्षक विज्ञापन लिखिए। अथवा १*३=३

विद्यार्थियों के लिए बैग बनाने वाली कंपनी की ओर से एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।

प्रश्न १५. आपका नाम अविनाश चटर्जी है। आपके क्षेत्र के नए डाकिए द्वारा डाक वितरण में की जा रही गडबडी की शिकायत करने के लिए अपने क्षेत्र के लिए अपने क्षेत्र के पोस्टमास्टर को एक ई-मेल लिखिए। १*५=५

अथवा

"करनी कथनी से अधिक ताकतवर होती है" इस विषय पर लघुकथा लिखिए।